प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.01.2024 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

शहीदी दिवस

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर आज राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को शहीदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श देशवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी सेवा और बलिदान को याद किया। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी ने देश में नई चेतना का जागरण किया और उनके आदर्श और सिद्धांत सदियों तक प्रासंगिक रहेंगे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान देश भक्ति पर आधारित भजन का आयोजन भी किया जा रहा है।

संसद–सत्र

संसद का बजट सत्र कल 31 जनवरी को शुरू हो रहा है। सत्र से पहले सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सत्र के पहले दिन कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट–2025–26 पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा और सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा। केंद्रीय बजट से हिमाचल के लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने संबंधि परियोजनाएं मिलने की उम्मीद जताई हैं।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली से वापिस लौटने का कार्यक्रम है। वे आज दोपहर कांगड़ा ज़िला के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के मंझार में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के अलावा जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री धर्मशाला में जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

जगत सिंह

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा की आंतरिक बैठक ली। जगत सिंह नेगी ने साडा क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने व अधोसंरचना विकास कार्यो को समयवद्व पूरा करने के निर्देश दिए ताकि साडा क्षेत्र में विकास को गति मिल सके।

राजेश धर्माणी

नगर नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि केंद्र सरकार राज्य सरकार पर यू.पी.एस लागू करने के लिए दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश के लोगों को चुनाव के समय दी गई 10 गारंटियों में से 6 को पूरा कर लिया है। धर्माणी ने आरोप लगाया कि भाजपा केवल चुनावों के दौरान लोगों से लोकलुभावन वायदे करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के सुविधा संपन्न वर्गों से स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी का त्याग करने की मुहिम शुरू की है और इस मुहिम में अब तक एक हजार से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोड़ दी है।

आईस हॉकी

प्रदेश की आइस हॉकी महिला और पुरुष टीमों ने लेह में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 23 से 27 जनवरी तक आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल प्रदेश की टीम ने चौथी बार भाग लिया। खिलाड़ियों ने शिमला में पत्रकारों से पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार उनका प्रदर्शन पहले से बेहतर रहा है।

ये टीमें अब देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय आइस हॉकी खेलो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की पुरुष श्रृंखला का चौथा मैच कल पुणे में खेला जाएगा। यह मैच कल शाम 7 बजे शुरू होगा।

______________